कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in
वेब. :www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

दिनांक 09/10/2019

प्रेस विज्ञप्ति

नशा मुक्ति का दिया संदेश

महात्मा गांधी जी की 150वी जयंती के अवसर पर दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे किया गया। इस सप्ताह के दौरान छात्राओं द्वारा एक रैली का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में किया गया। जिसका उद्देश्य नगरवासियों को नशे के दुष्प्रभाव, मादक पदार्थो से होने वाली हानि से अवगत कराना था। साथ ही नशे की रोकथाम के लिए नगर वासियो से संकल्प पत्र भी भरवाये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवको द्वारा गोद ग्राम पचामा मे एक दिवसीय शिविर के माध्यम से भी नशा मुक्ति रैली निकाली गयी तथा छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होने बताया कि नशा न केवल शारीरिक, मानसिक एवं पारिवारिक पीड़ा पहुँचाता है बल्कि समाज मे भी स्वयं की एवं परिवार की स्थिति को दयनीय बनाता है। इसलिए 'न हम नशा करेंगे न करने देंगे' की शपथ के साथ नुक्कड़ नाटक का समापन किया गया। नशा मुक्ति अथवा मद्यपान निषेध विषय पर आधारित नारे, निबन्ध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये। नशा मुक्ति से ही संबंधित एक डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म भी छात्राओं को दिखायी गयी जिसका उद्देश्य घर व आस पास के लोगो को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा जैसे हानिकारक पदार्थो से होने वाली हानि को दिखाया गया तथा छात्राओं से नशा मुक्ति जागरूकता फैलाने की अपील भी की गयी। संम्पूर्ण सप्ताह रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया, सहयोगी डॉ. प्रतिभा सोनी, वरिष्ठ रासेयो स्वयं सेवक उमेश पंसारी के मार्गदर्शन एवं प्रीति धाड़ी, कविता, अर्चना परमार, भावना व्यास, दीप्ति परमार, सुलोचना आदि के विशेष सहयोग से पूर्ण हुआ।

“राष्ट्रीय सेवा योजना”
50 वां
स्थापना दिवस
महात्मा गांधी
सार्ध-शती
महोत्सव
150
YEARS OF
CELEBRATING
THE MAHATMA
आपकी यात्रा मंगलमय
Shot on Y93
Vivo AI camera
2019.10.10 13:29

बैंक ऑफ़ इंडिया
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर
नशा मुक्ति

शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर
Drugs & Alcohol
नशा मुक्ति अभियान
Shot on Y93
Vivo AI camera
2019.10.10 13:28